न्यूज़ बुलेटिन :

# सन्मार्ग

वर्ष–3 अंक–20
मासिक – जनवरी, 2025

कालीचरण पी0जी0 कॉलेज, लखनऊ की प्रस्तुति

## सत्र का उद्देश्य

- पढ़ने और सीखने की प्रवृत्ति को रूचिकर बनाना
- शिक्षा को रोजगारोन्मुख बनाना
- देश और मानवता के हित में अपने को योजित करना
- नैतिक और धार्मिक मूल्यों का अवगाहन

**प्रबन्धक**
इं0 वी0 के0 मिश्र
**प्राचार्य**
प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय

**सम्पादकीय**

**सम्पादक**
राजीव यादव

**उप–सम्पादक**
नितिन कुमार सिंह

**सहयोग**
पुष्पेन्द्र कुमार

# कालीचरण पी०जी० कॉलेज

हरदोई रोड, चौक, लखनऊ–226003
(लखनऊ विश्वविद्यालय)

## Events at College



### कालीचरण महाविद्यालय में हुई IQAC समिति की बैठक

13 जनवरी को कालीचरण महाविद्यालय में समस्त विभाग की बैठक, IQAC समिति की बैठक, महाविद्यालय के प्रबंधक इं0 वी0के0 मिश्र की अध्यक्षता में हुई। जिसमें महाविद्यालय के विकास एवं नैक मूल्यांकन से संबंधित विस्तृत चर्चा की गयी। इस बैठक में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय IQAC की संयोजिका प्रो0 मीना कुमारी, प्रो0 मनोज कुमार पाण्डेय, प्रो0 कल्याणी द्विवेदी, डॉ0 अल्का द्विवेदी, चीफ प्रॉक्टर डी0सी0डी0आर0 पाण्डेय सहित महाविद्यालय के अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

### सड़क सुरक्षा शपथ

21 जनवरी 2025 को कालीचरण पी जी कॉलेज लखनऊ में रोड सेफ्टी क्लब द्वारा विद्यार्थियों को राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई गई। इस दौरान महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापक गण, कर्मचारी एवं भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा पर क्विज प्रतियोगिता




राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत कालीचरण पी. जी. कॉलेज लखनऊ के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा विद्यार्थियों को mygov पर सड़क सुरक्षा क्विज में प्रतिभाग कराया गया। इस क्विज में प्रतिभाग का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी का आंकलन करना था। क्विज में विद्यार्थियों ने बड़े हर्ष से प्रतिभाग किया और अपने प्रमाण पत्र भी डाउनलोड किए। दिनांक 23 जनवरी 2025 को विद्यार्थियों ने रोड सेफ्टी क्लब के आह्वान पर अपने मोबाइल के माध्यम से इस क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया था। इस क्विज प्रतियोगिता में महाविद्यालय के लगभग 45 से 50 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया।




## नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती मनाई गई

23 जनवरी को भारतीय स्वतंत्रता आन्दोलन के अमर सेनानायक राष्ट्रनायक नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती पर कालीचरण पी0जी0 कॉलेज लखनऊ ने उत्साहपूर्वक श्रद्धासुमन अर्पित किया। महाविद्यालय के एन0एस0एस0 के विद्यार्थियों ने नेताजी की जयंती पर सुभाष चौक पहुंचकर अपना श्रद्धासुमन समर्पित किया।

इस अवसर पर विचार व्यक्त करते हुए प्राध्यापकों तथा कर्मचारियों ने एक स्वर में सुभाष बाबू को भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन का अग्रदूत कहा। प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने सुभाष बाबू को एक विश्व स्तरीय नेता बताते हुए, भारत की स्वाधीनता में आजाद हिन्द फौज के योगदान का रेखांकन किया। नेताजी समरसता और समानता के दृष्टिकोण को प्रतिपादित करते हैं। उनका राष्ट्रवाद स्वामी विवेकानन्द के विचारों से अनुप्राणित था। उनका योगदान और बलिदान युगों–युगों तक देश के युवाओं सहित सभी नागरिकों को प्रेरित करता रहेगा।



## सभी प्राध्यापक, कर्मचारियों एवं छात्रों ने मतदान करने की शपथ ली

25 जनवरी 2025 कालीचरण महाविद्यालय में राष्ट्रीय मतदाता दिवस के अवसर पर मतदाता शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में सभी प्राध्यापक, कर्मचारियों एवं छात्रों ने मतदान करने की शपथ ली।

## कालीचरण महाविद्यालय में IQAC-NAAC की दूसरी समीक्षा बैठक हुई

दिनांक 20.01.2025 को प्रबंध महोदय की अध्यक्षता मे IQAC-NAAC की दूसरी समीक्षा बैठक हुई जिसमें महाविद्यालय के विकास एवं नैक मूल्यांकन से सम्बन्धित विस्तृत चर्चा की गयी।





**कालीचरण महाविद्यालय में गणतन्त्र दिवस मनाया गया**

26 जनवरी 2025 को कालीचरण महाविद्यालय में गणतंत्र दिवस मनाया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रबंधक इं0 वी0के0 मिश्र द्वारा ध्वजारोहण किया गया और प्रबंधक ने अपने सम्बोधन में स्वतंत्रता सेनानियों को याद करते हुए मूल अधिकार और मूल कर्तव्यों की बात की। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो0 चन्द्र मोहन उपाध्याय ने संविधान निर्माण के एतिहासिक पृष्ठभूमि की चर्चा की। इस अवसर पर महाविद्यालय क समस्त प्राध्यापक, कर्मचारी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

**सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता**

राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रोड सेफ्टी क्लब कालीचरण पी. जी. कॉलेज लखनऊ के सयुक्त तत्वावधान में आज दिनांक 24 जनवरी 2025 को सड़क सुरक्षा एवं जीवन रक्षा विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और दिए गए विषय पर पोस्टर बनाया। प्रतियोगिता में निर्णायक के रूप में डॉ. अरुण कुमार यादव (हिंदी विभाग) और डॉ. मोहम्मद तनवीर (समाजशास्त्र विभाग) ने विजेताओं का निर्णय किया । जिसमें प्रथम स्थान पर काजल मिश्रा (बी ए तृतीय वर्ष), द्वितीय स्थान पर नैना बहेलिया (एम कॉम प्रथम वर्ष) और कोमल गुप्ता (बी ए द्वितीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इनके अतिरिक्त आयुषी सिंह (बी ए द्वितीय वर्ष) मोहित मेहरोत्रा (बी ए द्वितीय वर्ष) एवं प्रियांशु जोशी (बी ए प्रथम) को सांत्वना पुरस्कार के लिए चुना गया। प्रतियोगिता का सफलता पूर्वक आयोजन कार्यक्रम अधिकारी डॉ. मुकेश कुमार मिश्रा ने किया।

**सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली**




कालीचरण पी जी कॉलेज लखनऊ के रोड सेफ्टी क्लब द्वारा दिनांक 25 जनवरी 2025 को सड़क सुरक्षा जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली महाविद्यालय से प्रारंभ हो कर ठाकुरगंज चौराहे से होते हुए महाविद्यालय प्रांगण में समाप्त हुई। रैली का मुख्य उद्देश्य था कि लोगों को सड़क सुरक्षा से संबंधित जानकारी प्रदान करने के लिए प्रेरित किया जा सके। रैली के दौरान विद्यार्थियों ने सड़क पर चलने वाले राहगीरों को सुरक्षित यात्रा के नियम भी समझाए तथा जो बाइक वाले बिना हेलमेट के बाइक चला रहे थे उनको भी हेलमेट पहन कर सुरक्षित सफर की सलाह दिए। रैली में महाविद्यालय के 150 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। रैली की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो चंद्र मोहन उपाध्याय ने हरी झंडी दिखाकर की और विद्यार्थियों की सड़क सुरक्षा संबंधी नियमों को भी बताया। इस दौरान महाविद्यालय के

प्राध्यापक, राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अलका द्विवेदी, डॉ मुकेश कुमार मिश्रा, डॉ राजकुमार सिंह, डॉ शिव कुमार और भारी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यशाला



राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रोड सेफ्टी क्लब कालीचरण पी.जी. कॉलेज लखनऊ द्वारा आज दिनांक 31 जनवरी 2025 को सड़क सुरक्षा जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता श्री भूप सिंह यादव जी (उप निरीक्षक, वीमेन पावर लाइन, 1090 लखनऊ) ने विद्यार्थियों को बहुत ही बेहतरीन ढंग से तरह तरह के क्रिया कलापों के माध्यम से परिवहन संबंधित नियमों एवं सुरक्षा संबंधी उपायों को समझाया। व्याख्यान के दौरान श्री सिंह ने विद्यार्थियों के सवालों का भी जवाब दे कर उनके जिज्ञासाओं को शांत किया। श्री भूप सिंह जी ने कार्यशाला में सड़क पार करने संबंधी सावधानियां, हेलमेट के प्रयोग, ओवरटेक करने के नियम, चौराहे पर लाइट, गाड़ी चलाते समय मोबाइल प्रयोग, गाड़ी चलाने के आधारभूत नियमों पर विस्तार से व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय ने मुख्य वक्ता का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया एवं आज के इस व्यस्त जीवनशैली में विद्यार्थियों के लिए सड़क सुरक्षा के महत्त्व को बताते हुए कार्यशाला को प्रारंभ किया। इस एक दिवसीय कार्यशाला के साथ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का भी समापन किया गया। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत नियमित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, सड़क सुरक्षा क्विज, सड़क सुरक्षा रैली, व्याख्यान आदि का आयोजन किया गया। इसी समापन कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा पर पूर्व में आयोजित किए गए विभिन्न गतिविधियों के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। इस पूरे कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने बड़े उत्साह से प्रतिभाग किया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अलका द्विवेदी, डॉ मुकेश कुमार मिश्रा, डॉ शिव कुमार, एवं अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।

..............................................................................................................................................................................

## Kalicharna In News Paper



**सड़क सुरक्षा पर एक दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन**

मुख्य वक्ता भूप सिंह यादव (उप निरीक्षक, वीमेन पावर लाइन , 1090 लखनऊ) ने विद्यार्थियों को बहुत ही बेहतरीन ढंग से तरह तरह के क्रिया कलापों के माध्यम से परिवहन संबंधित नियमों एवं सुरक्षा संबंधी उपायों को समझाया

फर्स्ट एडिटर। लखनऊ। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रोड सेफ्टी क्लब कालीचरण पी.जी. कॉलेज लखनऊ द्वारा 31 जनवरी 2025 को सड़क सुरक्षा जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता भूप सिंह यादव (उप निरीक्षक, वीमेन पावर लाइन , 1090 लखनऊ) ने विद्यार्थियों को बहुत ही बेहतरीन ढंग से तरह तरह के क्रिया कलापों के माध्यम से परिवहन संबंधित नियमों एवं सुरक्षा संबंधी उपायों को समझाया। व्याख्यान के दौरान श्री सिंह ने विद्यार्थियों के सवालों का भी जवाब दे कर उनके जिज्ञासाओं को शांत किया। भूप सिंह ने कार्यशाला में सड़क पार करने संबंधी सावधानियां, हेलमेट के प्रयोग, ओवरटेक करने के नियम, चौराहे पर लाइट, गाड़ी चलाते समय मोबाइल प्रयोग, गाड़ी चलाने के आधारभूत नियमों पर विस्तार से व्याख्यान दिया।

कार्यक्रम की शुरुआत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय ने मुख्य वक्ता का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया एवं आज के इस व्यस्त जीवनशैली में विद्यार्थियों के लिए सड़क सुरक्षा के महत्त्व को बताते हुए कार्यशाला को प्रारंभ किया। इस एक दिवसीय कार्यशाला के साथ राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह का भी समापन किया गया। सड़क सुरक्षा माह के अंतर्गत नियमित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे पोस्टर प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, सड़क सुरक्षा क्विज, सड़क सुरक्षा रैली, व्याख्यान आदि का आयोजन किया गया। इसी समापन कार्यक्रम के दौरान सड़क सुरक्षा पर पूर्व में आयोजित किए गए विभिन्न गतिविधियों के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया। इस पूरे कार्यक्रम में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने बड़े उत्साह से प्रतिभाग किया। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ अलका द्विवेदी, डॉ मुकेश कुमार मिश्रा, डॉ शिव कुमार, एवं अन्य शिक्षक भी उपस्थित रहे।



**वॉयस ऑफ लखनऊ**

**सड़क सुरक्षा के प्रति छात्रों को किया जागरूक**

लखनऊ। राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रोड सेफ्टी क्लब कालीचरण पीजी कॉलेज के तत्वावधान में शुक्रवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया।

इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता भूप सिंह यादव (उप निरीक्षक, वीमेन पावर लाइन, 1090 लखनऊ) ने विद्यार्थियों को बहुत ही बेहतरीन ढंग से तरह-तरह के क्रिया कलापों के माध्यम से परिवहन संबंधित नियमों एवं सुरक्षा संबंधी उपायों को समझाया। व्याख्यान के दौरान भूप सिंह ने विद्यार्थियों के सवालों का भी जवाब देकर उनके जिज्ञासाओं को शांत किया। भूप सिंह ने कार्यशाला में सड़क पार करने संबंधी सावधानियां, हेलमेट के प्रयोग, ओवरटेक करने के नियम, चौराहे पर लाइट, गाड़ी चलाते समय मोबाइल प्रयोग, गाड़ी चलाने के आधारभूत नियमों पर विस्तार से व्याख्यान दिया। कार्यक्रम की शुरूआत में महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. चंद्र मोहन उपाध्याय ने मुख्य वक्ता का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया एवं आज के इस व्यस्त जीवनशैली में विद्यार्थियों के लिए सड़क सुरक्षा के महत्त्व को बताते हुए कार्यशाला को प्रारंभ किया।

